BRINGING HELP *and* HOPE
SOCIETY FOR BRIGHT FUTURE

VISION 2026®
Creating Partnership with the Needy



# वार्षिक रिपोर्ट
## 2024-2025

**सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर**

# अनुक्रमणिका


आपातकालीन राहत और पुनर्वास - 4
आपातकाल के लिए तैयारी - 14
तिहाड़ जेल में कैदियों के लिए राहत पहल - 15
प्रशिक्षण और कार्यशालाएँ - 16
सार्वजनिक कल्याण के कार्यक्रम - 21
जन जागरुकता कार्यक्रम - 24
कपड़ा बैंक - 27
प्रोजेक्ट राहत - 28
ऑर्गेनाइज़ेशनल एक्टिविटीज - 30
वालंटियर्स प्रेजेंस और स्ट्रेंथ - 34
पुरस्कार समारोह - 36
जनसंपर्क सहभागिता - 38
मीडिया हाइलाइट्स - 39


# पदाधिकारी



**श्री अब्दुल जब्बार (सेवानिवृत्त आईपीएस)**
उपाध्यक्ष, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर



**श्री मामूनी मौलवी**
उपाध्यक्ष,
सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर



**श्री अतीकुर रहमान**
कोषाध्यक्ष,
सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर

# अध्यक्ष का संदेश



मक़बूल अहमद अनरवाला
(सेवानिवृत्त, आईपीएस)
अध्यक्ष, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर

इस अंक में हम आपके समक्ष सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी. ऍफ़) द्वारा किए गए प्रेरणादायक कार्यों को प्रस्तुत कर रहे हैं। यह एक गैर-सरकारी संगठन है, जो पिछले कई वर्षों से मानवता की सेवा में समर्पित है।

जैसा कि हम जानते हैं, भारत विश्व के उन देशों में से एक है जो आपदाओं के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। इसकी भौगोलिक संरचना इसे चक्रवात, सूखा, बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी अनेक प्राकृतिक आपदाओं के प्रति असुरक्षित बनाती है।

हालाँकि भारत में राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर एकीकृत प्रशासनिक ढांचा है जो आपदा प्रबंधन हेतु कार्यरत है, फिर भी गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका हमेशा आवश्यक रही है।

हमने अपने पहले दिन से ही बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के समय कार्य किया है। हमारे समर्पित वालिंटियर ने भारत के उन छह राज्यों में सेवाएँ दीं, जो बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित थे। इसके अलावा, देश के कई राज्यों में हुई अग्निकांड की घटनाओं पर भी हमारे वालिंटियर ने शीघ्रता से प्रतिक्रिया दी।

हमारे वालिंटियर ने ट्रेन दुर्घटनाओं, भूस्खलन और चक्रवात जैसी घटनाओं में राहत एवं बचाव कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।हजारों समर्पित स्वयंसेवक इस नेक कार्य के लिए आगे आए हैं।

अपने वालिंटियर को प्रशिक्षित करने हेतु, एस.बी. ऍफ़ ने देश के विभिन्न हिस्सों में 100 से अधिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया ताकि वे किसी भी प्रकार की प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा की स्थिति में तत्परता से कार्य कर सकें — चाहे वह स्थानीय हो या राष्ट्रीय स्तर की आपदा।

हमें गर्व है कि हमारे इन प्रयासों को 2250 से अधिक समर्पित वालिंटियर की टीम शक्ति प्रदान कर रही है, जिन्होंने इन आपदाओं के समय प्रभावित लोगों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला है।

# सचिव का संदेश



मोहम्मद शफी मदनी
सचिव, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर

हमारा प्यारा देश भारत वर्ष 2024 में कई भीषण प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से गुज़रा। ये घटनाएँ हम सभी के लिए चिंता का विषय रहीं। लेकिन यह संतोष और गर्व की बात है कि सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी.ऍफ़) ने वर्ष 2024 में मानवीय सेवा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

2024 में, एस.बी.ऍफ़ ने असम, उत्तर प्रदेश, केरल, गुजरात, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों में आई भीषण बाढ़, आगजनी और भूस्खलन जैसी दर्जनों बड़ी प्राकृतिक आपदाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। समय रहते कार्रवाई कर एस.बी.ऍफ़ ने 23,807 से अधिक प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। इन संकटों के दौरान भोजन, वस्त्र और दवाइयों के रूप में तात्कालिक राहत प्रदान की गई। पुनर्वास के लिए घरों की मरम्मत में सहायता दी गई और अस्थायी आश्रय की व्यवस्था भी की गई।

बाढ़, आग, तूफान, भूस्खलन और ट्रेन दुर्घटनाओं जैसी आपात परिस्थितियों में, एस.बी.ऍफ़ के वालिंटियर ने 12 राज्यों में निःस्वार्थ सेवा दी। इन वालिंटियर ने 80,000 से अधिक प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अथक प्रयास किए।

प्रोजेक्ट राहत के अंतर्गत, एक शीतकालीन राहत पहल के रूप में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 2024 में 14 राज्यों में कुल 317 कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनके माध्यम से 18,356 कंबल गरीब और ज़रूरतमंद परिवारों को वितरित किए गए।

हमें यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि ये सभी उपलब्धियां 2,250 से अधिक प्रतिभाशाली, समर्पित और दृढ़ निश्चयी वालंटियर्स के अथक प्रयासों का परिणाम हैं, जिन्होंने न केवल हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया, बल्कि हजारों लोगों के जीवन को बचाने और बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# बाढ़ में राहत कार्य

## असम- बाढ़

02 जून 2024 को लगातार भारी बारिश के कारण असम में नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और हज़ारों लोग प्रभावित हुए। इस संकट के दौरान, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी.ऍफ़) के वालिंटियर तुरंत सक्रिय हुए और 80 से अधिक बाढ़ प्रभावित गाँवों में पहुँचकर ज़रूरी सहायता और राहत प्रदान की।

- 17 जिलों की संख्या
- 260 जानवरों को बचाया
- 80 गांवों में सेवा
- 18,427 लोगों को बचाया
- 34,905 राशन किट वितरित
- 700 शिशु आहार पैकेट
- 5,000 लीटर स्वच्छ पेयजल
- 9,130 लोगों को चिकित्सा सेवा



## गुज़रात - बाढ़

20 अगस्त 2024 को, गुज़रात के कई ज़िलों, जैसे अहमदाबाद, जामनगर और अमरेली, में भारी वर्षा के कारण भीषण बाढ़ आ गई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और हज़ारों लोग विस्थापित हो गए। इस संकट के दौरान गुज़रात एस.बी.ऍफ़ वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया एवं राहत सामग्री पहुंचाई।



लोगों को बचाया गया
**60+**

परिवारों को राशन किट
**70 Families**

लोगों को तैयार भोजन
**1000+**

चिकित्सा शिविर
**3** (200+ लाभार्थी)



## वाराणसी - बाढ़ (उत्तर प्रदेश)




25 सितम्बर 2024 को गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण वरुणा नदी का पानी ओवरफ्लो हो गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भीषण बाढ़ आ गई। वाराणसी एस.बी.ऍफ़. वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया एवं रहत सामग्री पहुंचाई।

**40+**
लोगों को बचाया गया

**01**
चिकित्सा शिविर

**310+**
लाभार्थी

## पश्चिम बंगाल - बाढ़

19 सितम्बर 2024 को दामोदर घाटी निगम द्वारा जल छोड़े जाने से कई जिलों में बाढ़ आई। एस.बी.ऍफ़. वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया एवं रहत सामग्री पहुंचाई।

- बाढ़ प्रभावित निवासियों को घर-घर जाकर सुरक्षित रूप से निकाला गया।
- लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुँचाया गया।
- भोजन, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया।
- कुल **250 परिवार** इस राहत प्रयास से लाभान्वित हुए।
- लाभार्थियों की संख्या **1250** रही।





## बिहार - बाढ़

2 अक्टूबर 2024 को आई बाढ़ में 5240 व्यक्तियों को एस.बी.ऍफ़. वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया एवं राहत सामग्री पहुंचाई।

- **बिहार के 8 ज़िलों में** एस.बी.ऍफ़ वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया
- **250 परिवारों** को तैयार भोजन
- **350 परिवारों** को चिकित्सा सुविधा
- कुल लाभार्थी **610**

## त्रिपुरा- बाढ़

26 अगस्त 2024 को एस.बी.ऍफ़ वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया एवं राहत सामग्री वितरित की गई।





# आगज़नी में राहत

## दिल्ली - आगज़नी

2024 में, एस.बी.ऍफ़. वालिंटियर ने दिल्ली में तीन महत्वपूर्ण आग की घटनाओं पर प्रतिक्रिया दी और प्रभावित समुदायों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

**कंचन कुंज :** (10 सितम्बर) 35+ परिवारों को राहत

**शाहबाद डेयरी- रोहिनी:** (1 मई) भोजन एवं पानी वितरण

**बवाना :** (27 नवम्बर) 200 परिवारों को कम्बल, गद्दे एवं गैस सिलेंडर वितरित किये गए।




परिवार
210

कुल लाभार्थी
1155

वितरित सामग्री
- कंबल
- गैस सिलेंडर
- गद्दे



## बिहार-आगज़नी

2024 में बिहार में हुई आगजनी की कई घटनाओं के दौरान, एस.बी.ऍफ़ वालिंटियर ने रेस्क्यू करने में भाग लिया और आवश्यक सहायता प्रदान की।

1. **दूबा गांव -अररिया-** 40 परिवारों को राशन किट वितरित की गई।
2. **कटिहार- नगर-** प्रभावित 90 महिलाओं को साड़ी वितरित की गई।
3. **पटना-** 60 परिवारों का रेस्क्यू किया गया।
4. **अहमदाबाद ब्लॉक- कटिहार-** 275 राशन किट, 60 परिवारों को नए वस्त्र प्रदान किये गए
5. **जमता गांव -अररिया-** 40 परिवारों को राशन किट वितरित की गई।










## हरियाणा-आगज़नी

20 दिसम्बर, गुरुग्राम स्थित स्लम के आगजनी से प्रभावित परिवारों को 125 राशन किट एवं अस्थायी शेल्टर बनाने में सहायता प्रदान की गई।

**125+**
**राशन किट वितरण**



## उत्तर प्रदेश - आगज़नी

16 सितंबर 2024 को फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र के नौफीरा गांव के गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ। एस. बी. ऍफ़ वालिंटियर ने राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया, प्रशासन द्वारा किये जा रहे राहत और बचाव कार्य में सहायता दी।




# रेल दुर्घटना में सहायता

साइट पर जल्दी पहुंचें

नोडल अधिकारी के साथ समन्वय

17 जून 2024 को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के पास एक दुखद ट्रेन दुर्घटना हुई, जिसमें कंचनजंगा एक्सप्रेस शामिल थी। इस दुर्घटना में नौ लोगों की जान चली गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी.ऍफ़) के वालिंटियर ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर रेस्क्यू और राहत कार्यों में नोडल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित किया।

30 जुलाई की सुबह झारखंड के चक्रधरपुर में हुई एक अन्य ट्रेन दुर्घटना में हावड़ा-CSMT एक्सप्रेस की कई बोगियाँ पटरी से उतर गईं। इस घटना के बाद हज़ारीबाग से एस.बी.ऍफ़ की एक टीम, श्री अयातुल्लाह इरफ़ान, सह-संयोजक, एस.बी.ऍफ़, झारखंड के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुँची। टीम ने सरकारी अधिकारियों से मुलाक़ात की और अस्पतालों में घायलों को हर संभव सहायता प्रदान की।







# तूफान और भूस्खलन में सहायता




## न्यू जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल

31, मार्च को एक गंभीर तूफान ने जलपाईगुड़ी के जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया, वालिंटियर की टीम ने मौके पर पहुँच कर प्रशासन के साथ राहत एवं बचाव कार्य में भाग लिया एवं निम्न राहत सामग्री का वितरण किया।

- **200** राशन किट
- **100** मच्छरदानी



## वायनाड, केरल

30 जुलाई, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश राज्यों से 20 वालिंटियर की टीम ने केरल पहुंच कर खोज एवं बचाव कार्य  में भाग लिया, बड़े स्तर पर राहत सामग्रीवितरित की।












# आपदा की तैयारी

## असम के धुबरी जिले में बाढ़ पूर्व तैयारी कार्यक्रम

25 सितम्बर 2024 को धुबरी स्थित चटापारा प्राइमरी स्कूल में एस.बी.ऍफ़ असम (नॉर्थ) द्वारा बाढ़ तैयारी एवं आपदा न्यूनीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे धुबरी ज़िले से 30 से अधिक वालंटियर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# तिहाड़ जेल में राहत पहल



## तिहाड़ जेल, रोहिणी

26 जनवरी 2025 को एस.बी.ऍफ़ ने रोहिणी स्थित तिहाड़ जेल में राहत सामग्री भेंट की। प्रमुख ऑफिस बेयरर में श्री शफी मदनी, सचिव, श्री आई. करीमुल्लाह, बोर्ड सदस्य, श्री इरफ़ान अहमद, नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं जेल अधीक्षक शामिल रहे।

**10** व्हीलचेयर

**08** स्ट्रेचर

**10** डस्टबिन

सिलाई मशीन

## तिहाड़ जेल, मंडोली

जेल में विशेष रूप से विचाराधीन बंदी भाइयों के लिए, शर्दी से बचाव हेतु, गरम कपड़ो का वितरण किया गया, 21 और 27 जनवरी 2025 को दो वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुए।

**वितरण: 800 गरम कपड़े**






# प्रशिक्षण और कार्यशालाएं

## आपदा प्रबंधन, न्यूनीकरण और पुनर्प्राप्ति कार्यशाला – तेलंगाना

15 जून 2024 को, एसबीएफ मुख्यालय ने हैदराबाद में आईआरडब्ल्यू तेलंगाना के सहयोग से दो दिवसीय गहन आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें 56 वॉलिंटिअर नें भाग लिया। मिर्ज़ा नज़ीरुल्लाह बेग, सदस्य सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।

**प्रशिक्षण बिंदु:**

- प्राथमिक चिकित्सा, CPR, बाढ़ तैयारी
- बचाव तकनीक, मानसिक आघात प्राथमिक उपचार
- टीम निर्माण, उद्देश्य निर्धारण
- अभ्यास: राफ्ट निर्माण, अग्निशमन अभ्यास





# आपदा प्रबंधन, न्यूनीकरण और पुनर्प्राप्ति कार्यशाला - कोलकाता, पश्चिम बंगाल

25 और 26 दिसंबर, 2024 को द स्कॉलर स्कूल, हावड़ा में दो दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की - श्री शेख आरिफुल्लाह, जोनल संयोजक - कोलकाता ने प्रमुख भूमिका निभाई। जबकि श्री मतिउर रहमान (मास्टर ट्रेनर सिविल डिफेन्स एवं एसबीएफ) ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

**प्रतिभागी:**

70+ वालिंटियर, 8 जिलों से

**प्रशिक्षण बिंदु**

प्राथमिक उपचार | CPR | अग्निशमन

अग्निशमन विभाग द्वारा व्यवहारिक प्रशिक्षण










## आपदा प्रबंधन, न्यूनीकरण और पुनर्प्राप्ति कार्यशाला – दिल्ली

एसबीएफ दिल्ली ने 3 नवंबर 2024 को जामिया नगर, नई दिल्ली में एक दिवसीय आपदा न्यूनीकरण और पुनर्प्राप्ति कार्यशाला आयोजित की - श्री मोहम्मद शहजाद, संयोजक दिल्ली प्रदेश ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई



प्रतिभागी
**35+ वालिंटियर**

**प्रशिक्षण बिंदु**

- प्राथमिक उपचार
- CPR
- स्ट्रेचर उपयोग
- मानव शरीर खिंचाव
- टीम निर्माण
- लक्ष्य निर्धारण गतिविधियां




## बाढ़ न्यूनीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला - पटना, बिहार

**50 वालिंटियर एवं विशेषज्ञ प्रतिभागी**

27 अक्टूबर 2024 को, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर , बिहार ने पटना में एक दिवसीय बाढ़ शमन वालिंटियर प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत बिहार के राज्य संयोजक श्री आरज़ू और वालिंटियर समन्वयक डॉ. आमिर जमाल ने की। सत्र को श्री एम्. डी मोइज़ुद्दीन , सेवानिवृत , आई. ए. एस., अधिकारी एवं एस.बी.ऍफ़ बोर्ड सदस्य की उपस्थिति से समृद्ध किया गया।

# सरकारी एजेंसियों के साथ – आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण

### डीडीएमए (DDMA) मॉक ड्रिल में भागीदारी - धुबरी, असम

1 जुलाई और 12 दिसंबर 2024 को, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी.ऍफ़) के वालिंटियर ने धुबरी में जिला और राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल तथा आपदा प्रतिक्रिया बैठक में सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) द्वारा अग्निशमन सेवा, एस.डी.आर.एफ, नागरिक सुरक्षा, पुलिस, सी.आर.पी.एफ, बी.एस.एफ और चिकित्सा दलों के सहयोग से किया गया था। इन गतिविधियों का उद्देश्य आपातकालीन तैयारियों को बेहतर बनाना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मज़बूत करना था।





# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला

शिविर में कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की उपस्थिति ने शिविर को बहुत ही बहुमूल्य और कार्यक्रम को समृद्ध बनाया। श्री सुरेश कुमार, मानद निदेशक, वालिंटियर प्रशिक्षण, श्री रवि कुमार (अग्नि प्रशिक्षण प्रशिक्षक) और श्री मोहम्मद उस्मान (वरिष्ठ प्रशिक्षक, जल प्रशिक्षण) के साथ, आपातकालीन तैयारियों में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। श्री मोहम्मद शकेब ने पर्वत और चट्टान पर चढ़ने पर सत्रों का नेतृत्व किया, जबकि श्री शहजाद फारुकी ने महत्वपूर्ण प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर तकनीकें साझा कीं। डॉ. उपासना चड्ढा ने मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा पर एक सत्र आयोजित किया, और डॉ. अब्दुल वाहिद ने मीडिया में विशेषज्ञता प्रदान की। श्री मोहम्मद जफर ने फोटोग्राफी के टिप्स साझा किए, और श्री सोहेल खान ने संचार की कला पर एक सत्र दिया। मुफ्ती सोहेल कासमी और पंडित आचार्य विकास कुमार के नेतृत्व में अंतिम संस्कार प्रशिक्षण प्रदान किया। श्री अतीकुर्रहमान ने एनएलपी प्रशिक्षक और टीम बिल्डिंग  पर प्रभावशाली प्रशिक्षण प्रदान किया।  शिविर में श्री टी.आरिफअली चेयरमैन विज़न 2026, श्री शफी मदनी, महासचिव एस.बी.एफ. श्री मकबूल अहमद अनारवाला (आईपीएस सेवानिवृत्त) अध्यक्ष एस.बी.एफ. और मुख्य अतिथि प्रोफेसर नफीस अहमद, मानद निदेशक खेल परिसर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विस्वविद्यालय उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण बिंदु

- आपदा जागरूकता एवं संकट प्रबंधन
- प्राथमिक चिकित्सा एवं सी.आर.पी. प्रशिक्षण
- सर्पदंश एवं प्राथमिक उपचार
- जीवन रक्षा तकनीकें
- राफ्ट निर्माण एवं जल बचाव
- आउटडोर अभ्यास एवं शारीरिक प्रशिक्षण
- नेतृत्व विकास एवं टीम बिल्डिंग”
- मनोवैज्ञानिक प्राथमिक उपचार
- मीडिया व संवाद कला
- बोन फायर एवं सांस्कृतिक सत्र
- समापन समारोह

**50**
वालिंटियर

तिथि: 17 से 22 फरवरी 2025
स्थान: वाइल्ड हॉक कैंप, नई दिल्ली



# सार्वजनिक कल्याण के कार्यक्रम

- वृक्षारोपण कार्यक्रम
- रक्तदान शिविर
- जल राहत शिविर
- मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल कैंप

## ट्री फॉर लाइफ (वृक्षारोपण अभियान)

2024 में, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी.ऍफ़) ने पर्यावरणीय स्थिरता और आपदा प्रतिरोध को बढ़ावा देने के लिए अपने "ट्री फॉर लाइफ" अभियान का विस्तार किया। इस पहल के तहत, असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित सात राज्यों के 33 स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित किए गए। 215 से अधिक वालंटियर ने 2,886 से अधिक पौधे लगाए, जिनमें से कई पौधे स्थानीय सरकारी नर्सरियों से प्राप्त किए गए थे।



**7** राज्य में

**33** कुल स्थान

**2,886+** लगाए गए पौधे

**215+** वालिंटियर





# रक्तदान शिविर

2024–2025 में, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी. ऍफ़) ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई स्वास्थ्य-केंद्रित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिससे जीवन बचाने और स्वास्थ्य, देखभाल एवं सहायता को संगठित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

रक्तदान की क्रिया से परे, ये शिविर नियमित स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने, मिथकों को दूर करने और समुदाय में जीवन-रक्षक उदारता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### हज़ारीबाग, झारखंड - दिवाली 2024

- 12 यूनिट रक्त

### बिर्शीपुर, पश्चिम बंगाल - जून 2024

प्लाज्मा दान

**संक्षिप्त प्रभाव**

- कुल रक्त : 85+ यूनिट
- प्लाज्मा दान: 1
- थैलेसीमिया जांच: 72

### ललगोला, पश्चिम बंगाल - फरवरी 2025

- 58 यूनिट रक्त
- 72 थैलेसीमिया जांच

### हावड़ा, पश्चिम बंगाल - अप्रैल 2025

- 15 यूनिट रक्त





## जल राहत शिविर

गर्मी के मौसम में आयोजित जल राहत शिविर अत्यधिक गर्मी की परिस्थितियों में आहत्य आबादी के स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये सामाजिक जिम्मेदारी, आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानवता के प्रति सहानुभूति का प्रतीक हैं।

सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी. ऍफ़ ) ने राजस्थान और पश्चिम बंगाल में तीन स्थानों पर जल राहत शिविरों का आयोजन किया, जहां 2,000 से अधिक लोगों को स्वच्छ पेयजल प्रदान किया गया।

राजस्थान के बाउली स्थित स्कॉलर्स एकेडमी में , एस.बी. ऍफ़ के वालिंटियर ने पक्षियों के लिए पानी के बर्तन लगाए।

## मल्टी स्पेशियालिटी
## मेडिकल कैंप

एस. बी. ऍफ़ ने वंचित समुदायों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मल्टी स्पेशियालिटी मेडिकल कैंप आयोजित किए। इन शिविरों में नेत्र जांच और सामान्य स्वास्थ्य जांच शामिल थी, जिनमें परामर्श दिए गए और दवाएं लिखी गईं।



**स्थान**
असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड

**नेत्र शिविर**
1 (लाभार्थी: 80+)

**सामान्य स्वास्थ्य शिविर**
3 (लाभार्थी: 960)

**फोकस:**
बुनियादी जांच, परामर्श और स्वास्थ्य जागरूकता

# जन-जागरूकता कार्यक्रम

नशामुक्ति जागरूकता अभियान | हर कदम स्वच्छता की ओर | भूकंप जागरूकता कार्यक्रम | अग्निशमन जागरूकता कार्यक्रम

## नशामुक्ति जागरूकता अभियान

यह एक जन पहल है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को नशे की लत के खतरों और एक स्वस्थ, नशा-मुक्त जीवन जीने के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। यह अभियान रोकथाम, प्रारंभिक हस्तक्षेप और पुनर्वास में सहयोग पर केंद्रित है, विशेष रूप से युवाओं और संवेदनशील वर्गों के बीच।




**स्थान:** असम, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल
**लाभार्थी:** 300+ व्यक्ति
**क्रियान्वयन:** समर्पित वालिंटियर द्वारा
**लक्ष्य:** जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य और नशा-मुक्त समाज का निर्माण

**फोकस:**

- नशे की हानि और जागरूकता
- स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा
- परिवार और साथियों की भूमिका

## हर कदम स्वच्छता की ओर

राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के रूप में, "हर कदम स्वच्छता की ओर" विषय के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता छात्रों और युवाओं को हमारे जीवन और पर्यावरण में स्वच्छता के महत्व पर सार्थक चिंतन में संलग्न करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह पहल न केवल जागरूकता को बढ़ावा देती है बल्कि प्रतिभागियों को स्वच्छ, स्वस्थ भारत के लिए अपने विचार, व्यक्त करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है। 15 अगस्त 2024 को एस.बी.ऍफ़ द्वारा "हर कदम स्वच्छता की ओर" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने स्वच्छता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

- **स्थान:** हुरमुज अली आदर्श एकेडमी, कामरूप (असम)
- **प्रतिभागी: 55+ छात्र**
- थीम: स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी
- स्थान:टुपामारी ग्राम पंचायत में स्वच्छता
- फोकस: स्वच्छता और सफाई
- दीवार लेखन अभियान






## भूकंप जागरूकता कार्यक्रम

भूकंप जागरूकता कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक पहल है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों को भूकंप से संबंधित कारणों, जोखिमों और सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना है। भूकंप की स्थिति में सुरक्षा उपायों और जोखिम न्यूनीकरण की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अवसर: अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस (13 अक्टूबर 2024)

सत्रों की संख्या: 11

स्थान: उत्तर प्रदेश, दिल्ली, असम, पश्चिम बंगाल

लाभार्थी: 685+ व्यक्ति

वालिंटियर: 75+

फोकस: समुदायों को सुरक्षा उपायों और जोखिम में कमी के तरीकों के बारे में शिक्षित करना।





## अग्निशमन जागरूकता कार्यक्रम

**तिथि:** 27 सितम्बर एवं 13 अक्टूबर 2024

**जिलों की संख्या:** 9 (11 सत्र)

**राज्य:** उत्तर प्रदेश, दिल्ली, असम, पश्चिम बंगाल

**लाभार्थी:** 685+ व्यक्ति

**वालिंटियर:** 75+

**प्रमुख विषय:** अग्नि सुरक्षा एवं जोखिम न्यूनीकरण

# ट्रैफिक नियम जागरूकता कार्यक्रम

सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एसबीएफ) ने असम के दिसपुर और कामरूप मेट्रो में दो प्रभावशाली यातायात नियम जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए। इन पहलों ने 1,140 से अधिक व्यक्तियों को महत्वपूर्ण यातायात सुरक्षा और सड़क नियमों के बारे में शिक्षित किया। 15 से अधिक समर्पित वालिंटियर के सहयोग से, कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया गया।

| लाभार्थी | वालिंटियर | स्थान | फोकस |
|---|---|---|---|
| 1,140+ व्यक्ति | 15+ समर्पित | दिसपुर और कामरूप मेट्रो, असम | ट्रैफिक सुरक्षा और सड़क नियमों की शिक्षा |

**लक्ष्य**

गोपाल बोरों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से सड़क सुरक्षा और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना






# कपड़ा बैंक

कपड़ा बैंक परियोजना के माध्यम से एस.बी.ऍफ़ ने आर्थिक रूप से कमजोर और आपदा प्रभावित लोगों को कपड़ा वितरण के माध्यम से उनकी गरिमा बनाये रखने और राहत प्रदान करने में मदद की। यह पहल न केवल आपात स्थिति में बल्कि दैनिक जीवन की कठिनाइयों में भी सहायक रही।

## पश्चिम बंगाल - 1 अप्रैल 2024

**लक्ष्य**
वंचित समुदायों को आवश्यक वस्त्र प्रदान कर उनका समर्थन करना

**वस्त्र वितरण**
**5,000**
(साड़ियाँ, शर्ट, पैंट, बच्चों के कपड़े)

**लाभार्थी**
250 व्यक्ति

**ध्यान**
मौसमी जरूरतों और सामुदायिक कल्याण पर

## पटना, बिहार - 5 मार्च 2025

**लाभार्थी**
250 निवासी (10 झुग्गी क्षेत्रों में)

**वितरण**
नए वस्त्र

**अतिरिक्त फोकस**
शिक्षा के महत्व के प्रति जागरुकता



# प्रोजेक्ट राहत
# 2024-25

"प्रोजेक्ट राहत" एस.बी.ऍफ़ की मानवीय पहल है, जिसका उद्देश्य सर्दियों में गरीब, बेसहारा, दैनिक मजदूरों और हाशिए पर रह रहे समुदायों को गरम कपड़े और कंबल उपलब्ध कराना है। यह अभियान न केवल राहत वितरण है, बल्कि एकजुटता, संवेदना और गरिमा का प्रतीक भी है।




**36,712+**
लाभार्थी

उत्तर भारत के
**14 राज्य**

**18,356**
वितरित कंबल

# प्रोजेक्ट राहत की झलकियां


















# ऑर्गेनाइज़ेशनल एक्टिविटीज

## वार्षिक राज्य संयोजक प्रशिक्षण एवं समीक्षा- कार्यशाला

राज्य संयोजक प्रशिक्षण कार्यशाला और वार्षिक समीक्षा बैठक एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य राज्य स्तर के लीडर्स को कौशल, रणनीति और स्पष्टता के साथ सशक्त बनाना है ताकि वे गतिविधियों का प्रभावी समन्वय कर सकें और अपने क्षेत्रों में प्रभाव डाल सकें।





## जनरल बॉडी और गवर्निंग बॉडी की वार्षिक बैठक

23 जुलाई 2024 को, एसबीएफ ने जनरल बॉडी और गवर्निंग बॉडी की वार्षिक बैठक का आयोजन किया, जो संगठनात्मक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण बैठक है, जो मुख्य नेतृत्व, बोर्ड के सदस्यों को प्रगति की समीक्षा करने, जवाबदेही सुनिश्चित करने और आगामी वर्ष के लिए रणनीतिक दिशा निर्धारित करने के लिए एक साथ लाती है। यह बैठक पारदर्शिता बनाए रखने, गवर्नेंस को मजबूत करने और संगठन के मिशन की साझा समझ कर बढ़ावा देने के लिए की जाती है।



# न्यूनीकरण कार्यक्रम और वालिंटियर सहभागिता

12 अगस्त 2024 को, एसबीएफ ने 7 राज्यों के 8 क्षेत्रों में व्यापक शमन अभियान चलाया, जिसमें प्रशिक्षण, सहयोग और आउटरीच के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस पहल में समन्वय बैठकें, वालिंटियर कार्यशालाएँ और वरिष्ठ संयोजकों के नेतृत्व में क्षेत्र दौरे शामिल थे। उत्तर प्रदेश पूर्व में 7 जिलों में 9 एरिया कोर के साथ उल्लेखनीय भागीदारी हुई, बिहार में अररिया और पटना में बैठकें हुईं, झारखंड में 4 जिलों में 5 एरिया कोर के साथ, राजस्थान में 7 क्षेत्रीय टीमों को शामिल करते हुए एक दिवसीय वालिंटियर कार्यशाला और दिल्ली में क्षेत्रीय ज़ोनल कन्वेनोर के साथ रणनीतिक योजना सत्र सम्पन्न हुआ।




कुल राज्य: 7
(असम, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश)

कुल ज़ोन: 18

क्षेत्रीय कोर: 71

प्रतिभागी वालिंटियर: 453+

## क्षेत्र संयोजकों के साथ रणनीतिक बैठकें

अक्टूबर 2024 में ढुबरी, कोलकाता, मुर्शिदाबाद और दिल्ली में क्षेत्र संयोजकों के साथ बैठकें आयोजित हुईं। इनमें स्थानीय आपदा तैयारी की समीक्षा व समन्वय बढ़ाने पर चर्चा हुई।



## सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय

12 मई 2024 को असम में DDMA और IAG के साथ एस.बी.ऍफ़ वालिंटियर ने बैठक की। समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन को मजबूत करने हेतु यह सहभागिता हुई।



## विज़न डायरेक्टर के साथ गेट -टू- गेदर

23 जून 2024 को धुबरी, असम में वालिंटियर के साथ एक गेट -टू- गेदर कार्यक्रम हुआ, जिसमें विज़न 2026 के डायरेक्टर श्री एम. साजिद और राज्य संयोजक श्री फातिक अली उपस्थित रहे। 20 से अधिक समर्पित एस.बी.ऍफ़ वालिंटियर ने भाग लिया, जिसमें एकता और टीम भावना को बढ़ाने के लिए बल दिया गया।



## एन.सी.सी उप-महानिदेशक के साथ बैठक

12 जून 2024 को, डॉ. आमिर जमाल और श्री सुरेश कुमार जी ने सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एस.बी.ऍफ़) की ओर से एनसीसी भवन, रोहिणी में ब्रिगेडियर अतुल्य बमजई से मुलाकात कर संगठन की सोच और गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरे का उद्देश्य आपदा प्रबंधन, स्वयंसेवा और सामुदायिक सेवा जैसे क्षेत्रों में एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए सहयोग के अवसरों की तलाश तथा आपदा प्रबंधन और वालिंटियर प्रशिक्षण पर सहयोग की संभावनाएँ साझा कीं।



# VOLUNTEERS STRENGTH & PRESENCE




## AREA CORE

| | |
|---|---|
| असम उत्तर | 36 |
| असम दक्षिण | 08 |
| बिहार | 14 |
| छत्तीसगढ़ | 03 |
| दिल्ली | 07 |
| गुजरात | 04 |
| हरियाणा | 04 |
| झारखंड | 07 |
| मध्य प्रदेश | 12 |
| पंजाब | 03 |
| राजस्थान | 08 |
| यूपी पूर्व | 09 |
| यूपी पश्चिम | 22 |
| उत्तराखंड | 06 |
| पश्चिम बंगाल | 34 |
| TOTAL AREA CORE | 177 |

## VOLUNTEERS GROWTH



# राज्य और क्षेत्र

विभिन्न क्षेत्रों में सुचारू संचालन, बेहतर पहुंच और कुशल समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, संगठन के क्षेत्रीय और राज्य सेटअप में विभाजित कर एक स्तरीय संरचना बनाई गई है। यह पदानुक्रमित लेकिन सहयोगी मॉडल प्रबंधन को मजबूत करता है और जिम्मेदारियों को विकेंद्रीकृत करता है।



# अवार्ड सेरेमनी

3 जुलाई, 2024 को, एस.बी.ऍफ़ ने मानवीय राहत और आपदा प्रबंधन में वालिंटियर की उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया। पुरस्कार समारोह का आयोजन उन वालिंटियर के असाधारण समर्पण, साहस और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने के लिए किया गया, जिन्होंने मानवीय राहत और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अथक परिश्रम किया है। यह व्यक्ति, जो अक्सर संकट के समय सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हैं, करुणा, बहादुरी और सामुदायिक एकजुटता की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं।

पुरस्कार और प्राप्तकर्ता इस प्रकार थे:

## द रेजिलिएंट अवार्ड

अल्ताफ मोहम्मद शेख (राज्य संयोजक, गुजरात)
फतेक अली (क्षेत्रीय संयोजक, असम उत्तर)
शहजाद (राज्य संयोजक, दिल्ली)
इश्तिआक रशीद (राज्य संयोजक, पंजाब)
एकलाक हुसैन (क्षेत्रीय संयोजक, असम दक्षिण)

## वालंटियर मैग्नेट अवार्ड

फतेक अली (क्षेत्रीय संयोजक, असम उत्तर)
जुल्फिकार अहमद (राज्य संयोजक, पश्चिम बंगाल)
मोहम्मद कासिम (क्षेत्रीय संयोजक, उत्तर प्रदेश पश्चिम)



## रिसोर्स चैंपियन अवार्ड

सोहेल अख्तर (राज्य संयोजक, झारखंड)
वसीम अकरम (राज्य संयोजक, राजस्थान)
इश्तियाक रशीद (राज्य संयोजक, पंजाब)




## सामुदायिक प्रभाव पुरस्कार

जुल्फिकार अहमद (राज्य संयोजक, पश्चिम बंगाल)
मोहम्मद कासिम (क्षेत्रीय संयोजक, उत्तर प्रदेश पश्चिम)
शरीफुद्दीन कुरैशी (राज्य संयोजक, मध्य प्रदेश)



## मीडिया सहभागिता पुरस्कार

सोहेल अख्तर (राज्य संयोजक, झारखंड)
फतेक अली (क्षेत्रीय संयोजक, असम उत्तर)
शरीफुद्दीन कुरैशी (राज्य संयोजक, मध्य प्रदेश



# जनसंपर्क कार्य

**डोनर्स गेटटूगेदर्स का आयोजन:-** यह कार्यक्रम मौजूदा डोनर्स की प्रशंसा और सहभागिता के लिए किया गया - उन्हें एसबीएफ द्वारा किये गए कार्य और उसके सामाजिक प्रभाव से अवगत कराया गया तथा भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया गया।

**समाज के प्रतिष्ठित महानुभवों के साथ जनसंपर्क बैठकों का आयोजन**:- नए संबंध बनाने तथा बढ़ाने और समर्थन जुटाने के लिए किया गया। समुदाय के प्रभावशाली लोगों और भागीदारों के साथ छोटी छोटी सामूहिक बैठकें मिशन का परिचय देने, साझा मूल्यों को समझने और उन्हें सहयोग करने या सार्थक रुप से योगदान करने के लिए आयोजित की गईं।



**माननीय अफ़ज़ाल अंसारी,**
सांसद, ग़ाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश



**माननीय सैयद आगा रुहुल्ला मेहंदी,**
सांसद, श्रीनगर जम्मू-कश्मीर



**फादर स्टेनली कोझिचिरा,**
प्रबंधक, सेंट मैरी सी. सेकें. स्कूल



**श्री प्रमीत सिंह चड्डा,**
अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय
सिख चैंबर्स ऑफ कॉमर्स



**एडवोकेट जेड.के. फैजान,**
राजनीतिक विश्लेषक



**गोस्वामी सुशील जी महाराज,**
राष्ट्रीय संयोजक विश्व
धर्म संसद



**फादर सबेस्टाइन,**
प्रबंधक, सेंट जोसेफ स्कूल



**माननीय मोहम्मद अदीब,**
पूर्व सांसद, राज्य सभा



**माननीय मुहिबुल्ला नदवी,**
एमपी, रामपुर, उत्तर प्रदेश



**श्री उदय सिंह,**
सीईओ - विश्व युवक केंद्र

# मीडिया हाइलाइट्स

एसबीएफ न्यूज़ को देश भर के 250 से ज़्यादा प्रमुख मुख्यधारा के अख़बारों में प्रमुखता से दिखाया गया है। इनमें टाइम्स नाउ, फ़्रीडमप्रेस, इंक़लाब, राष्ट्रीय सहारा (उर्दू), जनसत्ता, दैनिक जागरण और हिंदुस्तान (हिंदी) जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय प्रकाशन शामिल हैं। इसके अलावा, एसबीएफ न्यूज़ ने चार क्षेत्रीय भाषाओं, असमिया, बंगाली, गुजराती और पंजाबी  में कवरेज के ज़रिए विविध क्षेत्रीय पाठकों तक पहुँच बनाई है।







































# DONATE

## SOCIETY FOR BRIGHT FUTURE

| | |
|---|---|
| Current A/C NO: | 921020057992123 |
| IFSC: | UTIB0001148 |
| BANK: | AXIS BANK |
| BRANCH: | JASOLA, NEW DELHI |

Scan to Pay

BRINGING HELP *and* HOPE

SOCIETY FOR BRIGHT FUTURE

सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर

011 41 500 705, +917290044603, +917290074380 sbfindia.org
E-89, 1st Floor, Hari Kothi, Lane, AFE-1, Jamia Nagar, New Delhi-110025
info@sbfindia.org sbfparivar societyforbrightfuture